BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 25 अगस्त 2023 **थाना कोतवाली देहात**

लूट की घटना में वांछित 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.08.2023 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक पुरस्कार घोषित अपराधी मुकुल उर्फ नकुल को अवैध असलहा मय कारतूस सहित स्याना चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 01-08-2023 को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पशु व्यापारी से लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 434/23 धारा 395,120बी भादवि पंजीकृत हैं इस अभियोग में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 06 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं। अभियुक्त मुकुल उर्फ नकुल इस अभियोग में लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. मुकुल उर्फ नकुल पुत्र कन्हैया निवासी भमौरी थाना सरधना जनपद मेरठ ।

बरामदगी-

1. 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस।

अभियुक्त मुकुल उर्फ नकुल का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 434/23 धारा 395,120बी भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं-500/19 धारा 323,376,452,506 भादवि ¾ पोक्सो एक्ट थाना सरधना जनपद मेरठ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 आदेश कुमार
2. है0का0 अनुज कुमार, का0 सौरभ तोमर

स्वाट टीम देहात-

1. श्री लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात
2. है0का0 महेश कुमार, है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 निकुंज कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 रोहित कुमार

मीडिया सैल बुलन्दशहर